Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-११-१२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ जून - ३० जून २०२१ (संयुक्तअंक) पृष्ठ १२ मूल्यः१५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## पीएम केयर्स फंड से पश्चिम बंगाल में बनेंगे २५० बिस्तरों वाले कोविड अस्पताल

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। आपातकालीन स्थितियों में प्रधानमंत्री की नागरिक सहायता और राहत (पीएम केयर्स) कोष ट्रस्ट ने डीआरडीओ द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और कल्याणी में दो २५० बिस्तरों वाले अस्थायी कोविड अस्पतालों की स्थापना के लिए ४१.६२ करोड़ रुपये आवंटित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य सरकार और भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से भी कुछ ढांचागत सहायता प्रदान की जाएगी। यह प्रस्ताव पश्चिम बंगाल में कोविड की स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में वृद्धि करेगा।

आपातकालीन स्थितियों में प्रधानमंत्री की नागरिक सहायता और राहत (पीएम केयर्स) कोष ट्रस्ट ने स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के अपने प्रयास के तहत बिहार, दिल्ली, जम्मू और श्रीनगर में भी कोविड अस्पताल स्थापित करने में सहायता की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी १८ जून २०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'कोविड-१९ फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए विशेष रूप से तैयार क्रैश कोर्स प्रोग्राम का शुभारंभ भी करेंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य देशभर में एक लाख से अधिक कोविड योद्धाओं को कौशल से लैस करना और उन्हें कुछ नया सिखाना है।

## इतिहास कोविड के खिलाफ लड़ाई में रेलवे के योगदान को सदैव रखेगा याद-पीयूष गोयल

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता कार्य, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक : २६.०५.२०२१ रेलवे के शीर्ष अधिकारियों के साथ विभिन्न जोनों और मंडलों के परिचालन संबंधी प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कहा, इतिहास भारतीय रेलवे को कोविड के खिलाफ लड़ाई में अपार योगदान देने के लिए सदैव याद रखेगा। रेलवे ने राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित किया है कि प्रगति के पहिये निरंतर तेज गति से चलते रहें। पीयूष गोयल ने कहा कि ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों ने असाधारण तरीके से राष्ट्र की सेवा की है और वे कोविड के खिलाफ लड़ाई में गेम चेंजर साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा अत्यंत तेज गति से अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ उसकी उत्कृष्ट सेवा की सभी ने सराहना की है।




इसी तरह अग्रिम पंक्ति में रहने वाले कर्मचारियों ने भी इस मुश्किल वक्त में अपनी बेहतरीन कार्य क्षमता का परिचय दिया है।

पीयूष गोयल ने कहा कि राष्ट्र उन सभी रेल कर्मचारियों का अत्यंतत आभारी है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा करते हुए अपनी जान गंवाई और इसके साथ ही उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की।

## रेलवे की माल ढुलाई मई के महीने में रही सबसे अधिक

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड चुनौतियों के बावजूद, भारतीय रेलवे के लिए मई २०२१ के महीने में माल ढुलाई के आंकड़े कमाई और लोडिंग की दृष्टि से उच्च गति बनाए हुए है। मिशन मोड में भारतीय रेल की माल ढुलाई मई के महीने में सबसे अधिक रही। मई, २०२१ में ११४.८ एमटी माल ढुलाई हुई जो मई २०१९ की इसी अवधि की माल ढुलाई (१०४.६ एमटी) से ९.७ प्रतिशत ज्यादा है। बता दें कि मई २०२१ महीने में भारतीय रेल ने माल ढुलाई से ११६०४.९४ करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं भारतीय रेल में अनेक रियायतें छूट दी जा रही हैं ताकि रेल द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाया जा सके। इसके साथ ही वर्तमान नेटवर्क में माल गाड़ियों की रफ्तार भी बढ़ाई गई है। माल गाड़ियों की गति बढ़ाए जाने से सभी हितधारकों के लिए लागत में कमी आती है। पिछले १८ महीनों में माल ढुलाई की गति दोगुनी हुई है। भारतीय रेल ने कोविड-१९ का उपयोग अवसर के रूप में किया है ताकि दक्षता और प्रदर्शन में चौतरफा सुधार हो सके।



## योगी सरकार मृतक पत्रकारों के परिजनों को देगी १० लाख रुपये की सहायता



रे.स.ब्यूरो./लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बड़ी घोषणा की है। ऐसे पत्रकार जिनका कोरोना काल के दौरान बीमारी से निधन हो गया उनके परिजनों को अब योगी सरकार १० लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। बता दें सूचना विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पत्रकारों का आंकड़ा जुटा लिया था। कई पत्रकार कोरोना काल में कवरेज के दौरान संक्रमित हो गए और कई का मृत्यु हो गई थी। ऐसे में उनके परिजनों के सामने भरण-पोषण की मुश्किल आ गई है। इसे देखते हुए सरकार ने मृत पत्रकारों के परिजनों को १० लाख रुपये देने का निर्णय लिया है।वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालात को देखते हुए खुद मोर्चा संभाल लिया है। वो लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं।

## भारत में किया गया २१.८३ करोड़ से ज्यादा टीकाकरण

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देश भर में कोविड-१९ टीके की कुल २१.८३ करोड़ से ज्यादा खुराक दिनांक ०१.०६.२०२१ तक दी जा चुकी हैं। अस्थायी रिपोर्ट के मुताबिक १८-४४ वर्ष आयु वर्ग के ९,५०,४०१ लाभार्थियों ने कोविड वैक्सीन की अपनी पहली खुराक ली और इसी आयु वर्ग के १५,४६७ लाभार्थियों को दूसरी खुराक मिली।

टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत के साथ अब तक ३७ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में कुल २,१३,०१,४४८ लोगों को वैक्सीन की पहली खुराक दी गयी है।

# तीर्थयात्रियों को चार धामों के साथ बीजी लिंक से आगे तेज, सुरक्षित और आरामदायक गंतव्य संपर्क मिलनी चाहिए - पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने चार धाम परियोजनाओं के लिए अंतिम मील कनेक्टिविटी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा, तीर्थयात्रियों को चार धामों के साथ बीजी लिंक से आगे तेज, सुरक्षित और आरामदायक गंतव्य संपर्क मिलनी चाहिए। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी विकल्पों की एक विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण परियोजना के पूरा होने तक के लिए विस्तृत लागत अनुमानों के साथ सभी अंतिम गंतव्य की संपर्क के विकल्पों की जांच की जानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि पर्यटन की जरूरत को पूरा करने और तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित और समय पर मंदिर तक पहुंचने को सुविधाजनक बनाने को लेकर परियोजना के लिए एक व्यापक योजना बनाने की आवश्यकता है। इस बात को रेखांकित किया जा सकता है कि चार धाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ से नई बीजी रेल संपर्क के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) पूरा होने के करीब है। देशभर से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री चार धाम में आते हैं और बड़ी संख्या में विदेशी और घरेलू पर्यटक उत्तराखंड राज्य में ट्रेकिंग और दृश्य देखने के लिए आकर्षित होते हैं। मौजूदा सड़क संपर्क कमजोर पहाड़ी ढलानों से होकर गुजरता है और भार, क्षमता, सुरक्षा व गति की गंभीर बाधाओं का सामना करता है। इन चार धामों से रेल संपर्क होने के बाद यात्रा को अधिक सुरक्षित, सस्ती, आरामदायक, पर्यावरण के अनुकूल और सभी मौसमों के अनुकूल बना देगा।

## २०२३ से कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधी ट्रेन

रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को मिशन मोड में पूरा किया जाएगा। जिसके बाद कन्याकुमारी से कश्मीर तक सीधा ट्रेन चलेगी। बतादें कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए २०२१-२२ में ४२०० करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। रेल मंत्री ने कहा है कि कि कोविड स्थिति के बावजूद अप्रैल और मई २०२१ में परियोजना को लेकर बेहतर कार्य किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने खुद समीक्षा बैठक की और कोविड की दूसरी लहर के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को पूरा करने का डेड लाइन भी निर्धारित कर दिया है। इसे हर हाल में अप्रैल २०२३ में पूरा करने का लक्षय रखा गया है।

## पहलवान सुशील कुमार को रेलवे ने नौकरी से किया सस्पेंड

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। पहलवान सुशील कुमार की मुश्किलें दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद बढ़ती जा रही हैं। अब सुशील कुमार को उत्तर रेलवे की नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार दिनांक २५.०५.२०२१ को उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने यह जानकारी दी है बतादें कि दिल्ली सरकार में डेप्युटेशन पर चल रहे सुशील कुमार को छत्रसाल स्टेडियम में स्कूल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी बनाया गया था। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार का कहना है कि रेलवे बोर्ड को दिल्ली सरकार से सुशील कुमार से सबंधित एक रिपोर्ट मिली है। जिस रिपोर्ट में सुशील कुमार पर एफआईआर दर्ज होने का जिक्र है।

## कोविड 19 : असर कम होते ही लौटने लगे कामगार

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। हजारों प्रवासी कामगार कोरोना की दूसरी लहर कम होने के बाद महाराष्ट्र और गुजरात से प्रयागराज और आसपास के जिलों में आए अब वापस लौटने लगे हैं। बीते सप्ताह के दौरान प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज छिवकी से करीब २२ हजार से ज्यादा प्रवासी कामगार यहां से जा चुके हैं। जिसके बाद मुंबई, पुणे, सूरत और अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची भी हो गई है। २१ मई से २८ मई के दौरान प्रयागराज से मुंबई, पुणे रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों में तकरीबन १७ हजार प्रवासी कामगार वापस जा चुके हैं। जंक्शन और छिवकी से जिन लोगों ने ट्रेन पकड़ी, उसमें प्रयागराज के साथ ही आसपास के जिलों के भी सैकड़ों कामगार रहे। एनसीआर प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि बीते दस दिनों से मुंबई,अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है।

## देश के १५ राज्यों में पहुंची ऑक्सीजन एक्सप्रेस





पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल सभी बाधाओं को पार करते हुए तथा नए समाधान निकाल कर देश के विभिन्न राज्यों में तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाना जारी रखे हुए है। समाचार लिखे जाने तक रेल द्वारा २८.०५.२०२१ तक देश के विभिन्न राज्यों में ११६२ से अधिक टैंकरों में १६४०८ मीट्रिक टन से अधिक तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाई गई है। मिशन मोड में अब तक ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने देश भर के १५ राज्यों के लगभग ३६ नगरों/शहरों में एलएमओ पहुंचाई है।

भारतीय रेलवे का यह प्रयास रहा है कि ऑक्सीजन का अनुरोध करने वाले राज्यों को कम से कम संभव समय में अधिक से अधिक संभव अक्सीजन पहुंचाई जा सके।

रेल मार्गो को भी खुला रखा गया है और उच्च सतर्कता बरती जा रही है ताकि ऑक्सीजन एक्सप्रेस समय पर पहुंच सकें। यह सभी काम इस तरह किया जा रहा है कि अन्य माल ढुलाई परिचालन में कमी नहीं आए। नई ऑक्सीजन लेकर जाना बहुत ही गतिशील कार्य है और आंकड़े हर समय बदलते रहते हैं।

## जून में एक करोड़ लोगों का होगा वैक्सीनेशन -मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंदर,कादिलपुर एवं बमरौली टीकाकरण केंद्र के निरीक्षण किया। दिनांक २६.०५.२०२१ को ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण केंद्र निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि ग्रामीणों के बीच टीकाकरण को लेकर फैले भ्रम को नवनिर्वाचित प्रधान बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य एवं स्वास्थ्य टीम के साथ मिलकर दूर करें, उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन से ही जनमानस को कोरोना के कहर से बचाएगा।

मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने विधानसभा शहर पश्चिमी के युवाओं नागरिकों महिलाओं एवं वरिश्ठ नागरिकों से अपील किया कि टीकाकरण अवश्य लगवाएं यह पूरी तरह सुरक्षित है समाज में सामाजिक चेतना से ही ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन ही तीसरे लहर से लोगों के जीवन को बचाएगा। वहीं पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से अपील किया कि समाचार पत्र के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति प्रेरित करें। मंत्री ने कहा कि जून माह में यूपी के अंदर एक करोड़ लोगों को टीकाकरण होगा। इस मौके पर एसडीएम सदर विवेक चतुर्वेदी,अधीक्षक चायल डॉ. मुक्तेश द्विवेदी,कमलेश कुमार,राजू राय,शकील अहमद, रामलोचन साहू, आदि रहे।

## कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए बीएचयू ने तेज की तैयारियां



रे.स.ब्यू./सूत्र। कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए बीएचयू अस्पताल में तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां अस्पताल में बाल रोग विभाग में बच्चों के लिए पीआईसीयू और एनआईसीयू तैयार हो गया है। इसके साथ ही अब यहां पर ऑक्सीजन की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। बीएचयू अस्पताल में पूर्वाचल ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों तक के मरीज इलाज के लिए आते हैं। वहीं जिस तरह से तीसरी लहर में बच्चों के चपेट में आने की संभावना जताई जा रही है, उसको देखते हुए जिला प्रशासन बीएचयू को नोडल यूनिट मानकर तैयारी कर रहा है। इधर, बीएचयू अस्पताल प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है।

## हाईस्कूल में बिना परीक्षा पास हुए प्रयागराज के १.१० लाख छात्र-छात्राएं




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रदेश सरकार ने कोरोना संक्रमण के चलते यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा निरस्त करने और छात्र-छात्राओं को बिना परीक्षा प्रमोट करने के निर्णय लिया है। वहीं अच्छी तैयारी कर चुके कुछ छात्र हैं जो परीक्षा देकर हाईस्कूल पास होना चाहते थे वहीं कुछ ऐसे छात्र भी हैं जो कोरोना संकट के समय बिना परीक्षा के पास होने से खुश हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में १.१० लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल परीक्षा के लिए आवेदन किया था। यूपी बोर्ड के परीक्षा नहीं कराने और सीधे प्रमोट करने के निर्णय के बाद प्रयागराज में १.१० लाख से अधिक छात्र-छात्राएं बिना परीक्षा के पास हो जाएंगे। यह सभी परीक्षार्थी अब बिना परीक्षा के प्रमोट कर दिए जाएंगे।

## वैक्सीन की अलग डोज ली हैं तो नहीं है घबराने की जरूरत-स्वास्थ्य मंत्रालय




रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। कोविड-१६ की दूसरी लहर के बारे मे जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में दूसरी लहर अब काबू में आ रहे है। गुरुवार दिनांक २७.०५.२०२१ को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में कोरोना की स्थिति को लेकर अहम जानकारी दी है।

वहीं मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर कोविड-टीके की दूसरी खुराक में अलग टीका दिया जाता है तो उसके उल्लेखनीय दुष्प्रभाव होने की आशंका नहीं है, इसमें घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रेस वार्ता में मंत्रालय ने कहा कि २४ राज्यों ने पिछले सप्ताह से सक्रिय मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं २३ राज्य देश में ऐसे हैं, जहां प्रतिदिन रिकवर मामलों की संख्या नए मामलों से ज्यादा है। रिकवरी रेट अब ६० फीसदी हो गई है।


## कोविड १६: एनटीपीसी ने बढ़ाया मदद का हाथ



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड-१६ की दूसरी लहर के दौरान बिजली मंत्रालय के अधीन सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने न सिर्फ देश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की, बल्कि उसने कोविड-१६ के फैलाव को रोकने के लिये पूरे समाज की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। इस सिलसिले में कंपनी ने देश के विभिन्न हिस्सों में चिकित्सा बुनियादी ढांचे में इजाफा किया है। एनटीपीसी ने पहल करके ६०० से अधिक ऑक्सीजन बेड और १२०० आईसोलेशन बेडों की व्यवस्था की है। उसने अपनी विभिन्न परियोजनाओं और आसपास के इलाके में सप्ताह भर में ही युद्धस्तर पर यह काम अंजाम दिया है। इसके कारण आम जनता सहित तमाम लोगों की प्राण रक्षा हो सकी है।

एनटीपीसी, राज्य और जिला प्रशासन के साथ नजदीकी तालमेल बनाकर काम कर रही है और उसने दूर-दराज के इलाकों में भी चिकित्सा बुनियादी ढांचों में इजाफा किया है। एनटीपीसी ने ४० से अधिक डॉक्टरों, सैकड़ों पैरा-मेडिकल और सपोर्ट स्टाफ की व्यवस्था की है। इसके साथ सात ऐसी ऐंबुलेंस भी हैं, जो ऑक्सीजन से लैस हैं और २४ घंटे सेवा में उपलब्ध हैं।

# कोविड की तीसरी लहर से निपटने को तैयार हुआ खाका



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना का दूसरी लहर अभी खतम नहीं हुई है कि तीसरी की आहट सुनाई देनी लगी है। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बार ऑक्सीजन के अलावा बच्चों के वार्ड पर विशेष जोर है। स्वरूपरानी (एसआरएन) और बेली अस्पताल में तो आईसीयू सुविधा वाले १०५ बेड तैयार कर लिए गए हैं। चूंकि दूसरे चरण में ऑक्सीजन और बेड की वजह से कई लोगों की जान चली गई। इसलिए बेड की संख्या बढ़ाने और ऑक्सीजन प्लांट पर ज्यादा फोकस है। वहीं बेली, काल्वीन समेत अन्य अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट को मंजूरी मिल गई है। तीसरी लहर में बच्चों को अधिक खतरा बताया जा रहा है। इसलिए बच्चों के इलाज को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।

## रेलवे ने एक महीने में की १६,००० मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे मौजूदा चुनौतियों का सामना और नए उपायों की तलाश के साथ देश के विभिन्न राज्यों की मांग पर तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति के अपने अभियान पर निरंतर काम कर रही है। रेलवे अब तक विभिन्न राज्यों को ६७७ टैंकरों में लगभग १६०२३ मीट्रिक टन चिकित्सा उपयोग हेतु तरल ऑक्सीजन की आपूर्ति कर चुका है। यहाँ यह उल्लेखनीय है की अब तक २४७ ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने अपनी यात्रा पूरी कर ली है और विभिन्न राज्यों को ऑक्सीजन के रूप में राहत पहुंचाई है। समाचार लिखे जाने तक १२ अ,क्सीजन एक्सप्रेस ५० टैंकरों में ६२० मीट्रिक टन तरल मेडिकल अ,क्सीजन (एलएमओ) लेकर अपने निर्धारित गंतव्य की ओर रवाना हो चुकी हैं। ऑक्सीजन एक्सप्रेस द्वारा अब तक की रिकॉर्ड ११४२ मीट्रिक टन दैनिक ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई। इससे पहले २० मई, २०२१ को १११८ मीट्रिक टन के साथ सर्वाधिक डिलिवरी का रिकार्ड बना था। दक्षिण भारत के राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रत्येक में रिकार्ड ऑक्सीजन की आपूर्ति १००० मीट्रिक टन से ऊपर पहुंच गई है। बतादें कि ऑक्सीजन एक्सप्रेस से आपूर्ति २४ अप्रैल को शुरू हुई थी और पहली ऑक्सीजन एक्सप्रेस १२६ मीट्रिक टन ऑक्सीजन लेकर महाराष्ट्र पहुंची थी।

## म्यूकोरमाइकोसिस संचारी रोग नहीं है- डॉ. रणदीप गुलेरिया



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। म्यूकोरमाइकोसिस सामान्य फंगस संक्रमणों में से एक है, जो कोविड-१६ के स्वस्थ हो रहे या स्वस्थ हो चुके रोगियों में देखा जा रहा है। इसके दर्ज होने वाले मामलों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन यह संक्रामक रोग नहीं है। इसका अर्थ है कि यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है, जैसे कोविड-१६ फैलता है। यह बातें दिनांक २४.०५.२०२१ को नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया ने नेशनल मीडिया सेंटर, पीआईबी दिल्ली में प्रेस वार्ता के दौरान कही। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि म्यूकोरमाइकोसिस की बात करते समय ब्लैक फंगस शब्द का इस्तेमाल नहीं करना ही बेहतर है, क्योंकि इससे बहुत से भ्रम को बढ़ावा मिलता है। इन संक्रमणों के प्रसार के बारे में, डॉ.गुलेरिया ने कहारू "कैंडिडा फंगस का संक्रमण मुंह, ओरल कैविटी और जीभ में सफेद धब्बे जैसे लक्षणों के साथ सामने आ सकता है। यह निजी अंगों को भी संक्रमित कर सकता है और खून में भी पाया जा सकता है।

## कोरोना काल में ऑनलाइन कंपनियों की तरफ बढ़ा रुझान


रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज में कोरोना कर्फ्यू की वजह से बने कंटेनमेंट जोन के चलते लोगों ने ऑनलाइन कंपनियों द्वारा जम कर खरीद की। वहीं कुछ स्थानीय कंपनियों ने भी इस दौरान लोगों को होम डिलीवरी की सुविधा मुहैया करवाई। इन कंपनियों की शर्त रही कि न्यूनतम एक हजार की खरीद पर ही वह राशन घर पहुंचाएंगे। बड़ी ई कामर्स कंपनियों द्वारा भी राशन की डिलीवरी की गई। एक माह में ही प्रयागराज में सात से आठ करोड़ रुपये में ऑनलाइन कंपनियों द्वारा राशन की डिलीवरी की गई।

सम्पादकीय

## कोविड-19: सावधानी और छूट

इस वक्त कोरोना की दूसरी लहर के चलते पूरे देश में लॉकडाउन और अन्य पाबंदियां लागू हैं। इधर कुछ दिनों से राहत भरी खबर भी समाचारों के माध्यम से आ रहीं है कि अब कोरोना का संक्रमण कई राज्यों में कम होता दिख रहा है। परंतु इस लहर का अनुभव इतना दहला देने वाला रहा है कि सरकारें बहुत सावधानी से कदम उठाना चाहती हैं। वहीं जैसे-जैसे इस लहर की भयावहता में कमी आ रही है और कोरोना संक्रमण व उससे होने वाली मौतों की संख्या घट रही है, तमाम राज्य अब पाबंदियों में ढील देने की सोच रहे हैं। कुछ राज्यों ने तो १ जून से रियायतें देने का एलान कर दिया है। वहीं बहुत सारे राज्यों में अभी लाकडाउन खोलने की घोषणा नहीं हुई है। अगर पिछले एक साल की बात करें तो जब-जब लापरवाही बरती गई, तब-तब कोरोना के मामले तेजी से बढ़ गए। पिछले साल का पूर्ण लॉकडाउन और उसके बाद का दौर जिस तरह से गुजरा जिसमें रोज खाने-कमाने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया था, वहीं इस बार कोरोना का कहर पिछले साल के मुकाबले बहुत ज्यादा होने के बावजूद वैसा लॉकडाउन लगाने का इरादा किसी ने जाहिर नहीं किया। इस बार लॉकडाउन लगाने का अधिकार राज्यों के पास था, ताकि वे स्थानीय जरूरतों के हिसाब से फैसला कर सकें और अब बंदी में छूट देने का फैसला भी वे अपनी परिस्थिति के मुताबिक कर रहे हैं। सारे राज्य बहुत धीरे-धीरे पाबंदियां उठाने के पक्ष में हैं। लेकिन हमें भी पूरी सावधानी बरतनी होगी और मास्क पहनने और शारीरिक दूरी का निरंतर सख्ती से पालन करना होगा तभी कोरोना की रफ्तार पर काबू होगा। इसके अलावा, वैक्सीनेशन के दायरे को युद्ध-स्तर पर बढ़ाने की जरूरत भी है। तभी तीसरी लहर की आशंका से मुक्ति संभव है।

## कर्मचारियों उनके परिजनों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता-महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, परिसंपत्ति विश्वसनीयता, समय पालनता, माल लदान और राजस्व अर्जन की स्थिति की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की।

बैठक में अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और मुख्यालय और डिवीजनों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कोविड १६ संकट के दृष्टिगत महाप्रबंधक ने वर्तमान में चल रहे रेलवे के बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे को उन्नत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारियों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे करने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने क्षमता वृद्धि के लिए जोन में चल रहे तीसरी और चौथी लाइन के कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। राजस्व की स्थिति पर चर्चा करते हुए विनय कुमार त्रिपाठी ने प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.एन.ओझा को पार्सल लोडिंग में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक कस्टमर फ्रेंडली दृष्टिकोण और वर्तमान और संभावित ग्राहकों आव यकताओं को समझते हुए उनको पूरा करने से निश्चित रूप से बेहतर पार्सल लोडिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## बच्चों पर तीसरी लहर के असर पड़ने का सबूत नहीं: रणदीप गुलेरिया

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। ऐसा बताया जा रहा है कि कोरोना की तीसरी लहर में बच्चे सबसे ज्यादा संक्रमित होंगे। लेकिन, एम्स निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कहा कि इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं कि कोरोना की तीसरी लहर का बच्चों पर असर पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल रोग संघ ने भी यह कहा है कि इसका कोई आधार नहीं मिला है।

तीसरी लहर बच्चों को प्रभावित नहीं कर सकता है, इसलिए लोगों को डरना नहीं चाहिए। ब्लैक फंगस को लेकर डॉ.गुलेरिया ने कहा कि कम इम्यूनिटी क्षमता वाले लोग म्यूकरमाइकोसिस, कैंडिड और एस्पोरोजेनस संक्रमण से संक्रमित होते हैं। ये फंगस मुख्य रूप से नसें, नाक, आंखों के आसपास की हड्डी में पाए जाते हैं और मस्तिक में प्रवेश कर सकते हैं।

## रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया इरादतगंज स्टेशन का दौरा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वी.के.त्रिपाठी ने बीते दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को समर्पित मालभाड़ा गलियारा (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर)के साथ कनेक्शन को अंतिम रूप देने और इरादतगंज में लंबी लूप की संभावना के आंकलन के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज दिनांक २६.०५.२०२१ को रेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने समर्पित मालभाड़ा गलियारा (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर) अधिकारियों के साथ इरादतगंज स्टेशन और आसपास के क्षेत्र का दौरा किया ताकि लंबी लूप और इसको समर्पित मालभाड़ा गलियारा (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर) रेलमार्ग से जोड़ने की संभावनाओं का आंकलन किया जा सके। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे वी.के. त्रिपाठी ने मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक, मुख्य यातायात योजना प्रबंधक, मुख्य ब्रिज इंजीनियर, एडीआरएम/इन्फ्रा, प्रयागराज की एक संयुक्त टीम का गठन किया है। यह टीम को इस कार्य से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में सुझाव देना है।

## बिना मास्क पहने २१७ रेल यात्रियों से वसूला गया जुर्माना

रे.स.ब्यू.। रेलयात्रियों को कोविड महामारी से बचाव हेतु जागरुक करने के दृष्टिगत रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में इस वैश्विक महामारी में उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर के मार्गदर्शन में, संतोष कुमार त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कानपुर, द्वारा बिना मास्क पहने रेलवे स्टेशन पर पाए जाने यात्रियों के विरुद्ध दिनांक २१ अप्रैल से नियमित चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक स्टेशन कानपुर वी के तिवारी तथा उनके अधीनस्थ चेकिंग स्टाफ द्वारा कुल २१७ बिना मास्क पहने यात्रियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई तथा कुल रू.५२८००/- की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कोरोना महामारी के दृष्टिगत मास्क पहनने, तथा सोशल डिस्टनसिंग का पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे एनाउंसमेंट, पोस्टरों, डिजिटल म्यूजियम में आडियो तथा वीडियो से निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक होता है, वह धर्म नहीं कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है जो किसी धर्म का विरोधी न हो।

## बार एसोसिएशन ने दिवंगत अधिवक्ताओं के परिजनों को बांटी मदद

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले अधिवक्ताओं के परिजनों को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने पांच -पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है।


इसके अलावा अन्य हादसों में जिनमें वकीलों का निधन हुआ था, उनके परिजनों को भी दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में बुधवार दिनांक १६.०५.२०२१ को एक कार्यक्रम में अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह और महासचिव प्रभाशंकर मिश्र ने मृतक आश्रितों को चेक वितरित किए। जिसमें कुल १७ परिवारों को पांच पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद की गई।

## देश के ६००० स्टेशनों पर मिलने लगी मुफ्त वाई-फाई सुविधा



रे.स.ब्यू./ नई दिल्ली। रेल यात्रियों की बढ़ती इंटरनेट की मांग को देखते हुए रेलवे तेजी से इसके विस्तार में जुटा हुआ है। इसी कड़ी मे मुफ्त वाई-फाई सुविधा झारखंड के हजारीबाग स्टेशन पर शनिवार दिनांक १५.०५.२०२१ को चालू की गई। वहीं अब रेलवे के ६००० स्टेशनों पर निशुल्क वाई -फाई सुविधा मिलने लगी है। हजारीबाग स्टेशन ६००० वां है। यह सुविधा रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रम रेलटेल की मदद से प्रदान की जाती हैं। बतादें कि भारतीय रेलवे ने स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा देने का अपना सफर जनवरी २०१६ में शुरू किया था। इसके तहत वाई-फाई की सुविधा मुंबई रेलवे स्टेशन पर सबसे पहले दी गई थी।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने की डीएफसी कार्यो की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वी.के.त्रिपाठी ने डीएफसीसीआईएल अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की और डीएफसी कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। दिनांक २०.०५.२०२१ को बैठक में प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल आर.के. जैन सहित डीएफसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महाप्रबंधक ने बल देकर कहा कि पहले से निर्धारित लक्ष्यों और समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए और ये लक्ष्य महामारी के कारण प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि इस अवधि का उपयोग इंजीनियरिंग स्केल प्लान, सिग्नल इंटरलॉकिंग प्लान आदि के अनुमोदन जैसे कागजी कार्यो को पूरा करने में अच्छी तरह से किया गया है। बतादें कि, न्यू भाऊपुर और नए खुर्जा के बीच डीएफसी खंड को पहले ही चालू कर दिया गया है और इस खंड में मालगाड़ी चलना शुरू हो गई है। अब उत्तर मध्य रेलवे में शेष सेक्शन को भी जल्द से जल्द खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

# ऑक्सीजन एक्सप्रेस के द्वारा १४५०० मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे मौजूदा चुनौतियों का सामना और नए उपायों की तलाश के साथ देश के विभिन्न राज्यों की मांग पर तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति के अपने अभियान पर निरंतर काम कर रही है। रेलवे अब तक देश के विभिन्न राज्यों को ८८४ टैंकरों में लगभग १४५०० मीट्रिक टन चिकित्सा उपयोग हेतु तरल ऑक्सीजन की आपूर्ति कर चुका है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक २२४ ऑक्सीजन एक्सप्रेस की यात्रा पूरी हो चुकी है और विभिन्न राज्यों को राहत पहुंचाई गई है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस द्वारा १३ राज्यों में ऑक्सीजन की आपूर्ति अब तक की गई हैं जिसमें उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, केरल, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश शामिल है। वहीं दिनांक २२.०५.२०२१ तक महाराष्ट्र में ६१४ मीट्रिक टन ऑक्सीजन, उत्तर प्रदेश में लगभग ३४६३ मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश में ५६६ मीट्रिक टन, दिल्ली में ४२७८ मीट्रिक टन, हरियाणा में १६६८ मीट्रिक टन, राजस्थान में ६८ मीट्रिक टन, कर्नाटक में ६४३ मीट्रिक टन, उत्तराखंड में ३२० मीट्रिक टन, तमिलनाडु में ७६६ मीट्रिक टन, आंध्र प्रदेश में ५७१ मीट्रिक टन, पंजाब में १५३ मीट्रिक टन, केरल में २४६ मीट्रिक टन और तेलंगाना में ७७२ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा चुकी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक कुछ और ऑक्सीजन एक्सप्रेस देर रात अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगी।

# रेल कर्मचारियों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के लिए वेबिनार आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के परिचालन विभाग द्वारा कर्मचारियों की शत प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के उद्देश्य हिमांशु उपाध्याय, उप मुख्य याता. प्रबंधक /कानपुर की अध्यक्षता में एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें अमित आनंद, सहायक परिचालन प्रबंधक (कोचिंग)/ प्रयागराज उपस्थित थे। वेबिनार में प्रयागराज मंडल के समस्त यातायात निरीक्षक, स्टेशन अधीक्षक, मुख्य यार्ड मास्टर एवं मुख्य खंड नियंत्रक सम्मिलित हुए। वेबिनार को संबोधित करते हुए हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि परिचालन विभाग के (४५ वर्ष से अधिक आयु के) लगभग ७० प्रतिशत कर्मचारी ने वैक्सीन का पहला डोज ले लिया है जो कि एक प्रशंसनीय उपलब्धि है। उन्होने बताया कि इसको शत प्रतिशत करने के लिये आवश्यक प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं।

इसके साथ ही ४५ वर्ष से कम उम्र के कर्मचारियों का भी रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है, साथ ही समय समय पर किसी जगह स्लाट खाली होने पर इसकी सूचना भी कर्मचारियों को दी जा रही है।

हिमांशु ने कहा कि स्टेशन अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि, उनके स्टेशनों /कार्य क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मचारी वैक्सीन लगवायें एवं वैक्सिनेशन में आ रही किसी भी समस्याओं की समाधान करने का पूर्ण प्रयास करें।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, कोविड-१६ हेतु सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करें

- प्रधान संपादक

# आर.डी.एस.ओ. में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। आर.डी.एस.ओ. में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर रखना है। दिनाँक २१.०५.२०२१ को इस अवसर पर आरडीएसओ के महानिदेशक वीरेन्द्र कुमार द्वारा कोविड-१६ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंक विरोधी शपथ दिलायी। इस अवसर पर रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। आर.डी.एस.ओ. के विभिन्न निदेशालयों में विभाग प्रमुखों ने भी अपने कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ उनके संबंधित निदेशालयों में कोविड-१६ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए दिलाई।

# अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी हमसफर एक्सप्रेस

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड संक्रामण के वजह से करीब एक माह से यात्रियों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। हमसफर जैसी वीआईपी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या ५० फीसदी से भी कम है। इसी वजह से रेल प्रशासन ने प्रयागराज से नई दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या ०२२७५ हमसफर एक्सप्रेस २८ मई से मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार को ही चलाने का फैसला किया है। इसी तरह नई दिल्ली से गाड़ी संख्या ०२२७६ हमसफर का संचालन २६ मई से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही होगा।

# ६६ कर्मचारियों को बीपीसीएल ने दिया वीआरएस का पत्र

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बीपीसीएल में ६६ कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का पत्र थमा दिया गया। वहीं अब बीपीसीएल पूर्ण तालाबंदी की तरफ एक कदम और बढ़ा दिया गया है। वहीं अब कंपनी के अफसरों समेत १५ कर्मचारी ही कंपनी में बचे हैं। बतादें कि बीपीसीएल को बंद करने का आदेश पिछले वर्ष दिसंबर में ही हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आश्वासन के बाद भी कंपनी की सिलेंडर उत्पादन इकाई को फिर से चालू नहीं किया जा सका। इसके अलावा ऑक्सीजन संकट के बीच प्रदेश सरकार ने बीपी- सीएल को २५०० सिलेंडर बनाने का आर्डर दिया। सिलेंडर निर्माण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कंपनी को तीन महीने तक चलाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा गया। वीआरएस के विरोध में कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी है।

# संतोष कुमार बने यूपीपीएससी के नए सदस्य




रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के सदस्य का पदभार सेवानिवृत्त जनपद न्यायाधीश संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार दिनांक २२.०५.२०२१ को ग्रहण कर लिया। वहीं अब आयोग में सदस्यों की संख्या बढकर सात हो गई है और सदस्य का केवल एक पद ही रिक्त रह गया है। संतोष कुमार श्रीवास्तव मूलतःबलिया के रहने वाले हैं। यूपीपीएससी के अध्यक्ष संजय श्रीनेत ने संतोष कुमार श्रीवास्तव को आयाेग के सदस्य के रूप में शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण कराया। उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल ने संतोष कुमार श्रीवास्तव को शुभकामनाएं दीं हैं। यूपीपीएससी में सदस्य के आठ पद हैं।

# 'युग संस्कृति न्यास' ने भेंट किया १६ ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर

रे.स.ब्यू./सूत्र,हाजीपुर। कोरोना संक्रमण के इस काल में विभिन्न व्यक्ति/संगठनों द्वारा कोरोना संक्रमितों के इलाज तथा संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए अपने-अपने स्तर पर अमूल्य योगदान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में हाजीपुर के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी की पहल पर 'युग संस्कृति न्यास' नाम की गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ) द्वारा पूर्व मध्य रेल को १६ ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर भेंट किया गया। एक ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर से हवा से ही प्रति मिनट ०५ लीटर ऑक्सीजन बनाया जा सकेगा, जिसे रेलवे चिकित्सालय में भर्ती कोरोना मरीजों को उपलब्ध कराया जा सकेगा। एनजीओ द्वारा प्राप्त १६ ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर में से कोरोना संक्रमित रेलकर्मियों की बेहतर चिकित्सा हेतु सोनपुर, दानापुर एवं समस्तीपुर मंडल के विभिन्न रेलवे चिकित्सालय/हेल्थ यूनिट में ०६ ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर लगाया जा चुका है।

## पीयूष गोयल ने किया राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान की प्रगति की समीक्षा



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल एवं वाणिज्य तथा उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि,'एनआरटीआई को जैव शौचालय,रेल विद्युतीकरण, ढांचागत अपग्रेडेशन जैसी पिछले सात वर्षों में रेलवे द्वारा की गई पहलों पर अनुसंधान करनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि तीन वर्ष की कम अवधि के भीतर ही, एनआरटीआई अध्ययन के एक अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा है और इसके शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने के सभी प्रयास किए जाने चाहिए। उल्लेखनीय है कि एनआरटीआई उच्च शिक्षा पर फोकस, रेल एवं परिवहन प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन में अत्याधुनिक अनुसंधान के जरिये नई प्रतिभा का विकास करने के लिए एक विश्व स्तरीय संस्थान बनने की राह पर है। एनआरटीआई का लक्ष्य बहु विषयक उत्कृष्टता केंद्रों का विकास करना है जो परिवहन क्षेत्र में अनुसंधान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सहयोगी निर्माण होंगे एनआरटीआई रेलवे एवं परिवहन क्षेत्र में विद्यमान प्रतिभाओं के लिए पेशेवर विकास में भी सहायता कर रहा है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डॉ. हर्षवर्धन ने तंबाकू से दूर रहने का किया अपील




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों के तंबाकू से परहेज करने के संकल्प का नेतृत्व किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि, भारत में १३ लाख से अधिक मौतें हर साल तंबाकू के उपयोग की वजह से होती हैं, प्रतिदिन के लिए यह ३५०० मौतें हैं, जिससे बहुत अधिक सामाजिक-आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके कारण होने वाली मौतों और बीमारियों के अलावा, तंबाकू देश के आर्थिक विकास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि धूम्रपान करने वालों को कोविड-१९ के चलते गंभीर बीमारी से होने वाली मौतों को लेकर ४०-५० फीसदी अधिक जोखिम का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस पर संतोष व्यक्त किया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के लगातार प्रयासों से, तंबाकू के उपयोग की व्यापकता २००९-१० में ३४.६ फीसदी से घटकर २०१६-१७ में २८.६ फीसदी हो गई है।

## उत्तर भारत में कोयले के परिवहन को गति दे रहा उत्तर मध्य रेलवे



साभारः उत्तर मध्य रेलवे ने १०२ किलोमीटर लंबे चुनार-चोपन सेक्शन में दिनांक- २२.०५.२०२१ को २४ मालगाड़ियों को चलाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। वर्ष २०१६-२० और २०२०-२१ में इस खंड में औसतन ०६ ट्रेनें चलती थीं, वहीं वर्तमान वर्ष २०२१ के प्रारंभ से, उत्तर मध्य रेलवे इस खंड में थ्रूपुट बढ़ाने के तरीकों और साधनों के संबंध में निरंतर प्रयासरत है। इस मार्ग का महत्व इससे ही स्पष्ट होता है कि, यह सबसे तेजी से बढ़ते कोयला क्षेत्रों में स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड(एनसीएल) द्वारा उत्खनित कोयला पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी के बिजली घरों की मांग को पूरा करने का काम करता है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वी.के. त्रिपाठी, ने इस संदर्भ में कई बैठकें कीं और इस महत्वपूर्ण खंड में ट्रेनों को बढ़ाने के लिए आवश्यक लंबे समय से लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे। यह कार्य इस खंड में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण वांछित कार्यों में से एक था। हालांकि खंड का विद्युतीकरण दिसंबर २०१६ में हुआ था, लेकिन इस टीएसएस के अभाव में विद्युतीकरण का पूरा लाभ लिया जाना संभव नही था। उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार ने कहा कि,यह वर्तमान उपलब्धि प्रयागराज मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## समय पालन में प्रथम स्थान पर रहा पूर्व मध्य रेलवे

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। समय पालन में पूर्व मध्य रेल ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए दिनांक ३१ मई, २०२१ को भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान हासिल किया है। दिनांक ३१ मई, २०२१ को पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/पहुंचने `अथवा गुजरने वाली शत-प्रतिशत स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलीं। पूर्व मध्य रेल द्वारा विशेष परिस्थिति में अत्यावश्यक संरक्षा अथवा यात्री सुरक्षा कारणों को छोड़ दिया जाए तो, सभी प्रकार की स्पेशल ट्रेनों का परिचालन तय समय-सारणी पर हो सके इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी ने समय-समय पर विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश जारी कर रखा है कि, संरक्षा और यात्री सुरक्षा के साथ-साथ समय पालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी का परिणाम है कि भारतीय रेल में समय पालन मे पूर्व मध्य रेल की रैकिंग नंबर १ रही है।

## हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल गाडी के बड़े फेरे

रे.स.ब्यू./सूत्र.झाँसी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत गाडी संख्या ०२५७५/०२५७६ हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल गाडी के अतिरिक्त फेरों का संचालन किया जा रहा है। गाडी संख्या ०२५७५ का संचालन शुक्रवार दिनांकः ०४.०६.२१, ११,०६.२१, १८.०६.२१ तथा २५.०६.२१ को कुल ०४ अतिरिक्त फेरों के रूप में किया जायेगा। इसी प्रकार गाडी संख्या ०२५७६ का संचालन रविवार दिनांकः ०६.०६.२१, १३,०६.२१, २०.०६.२१ तथा २७.०६.२१ को कुल ०४ अतिरिक्त फेरों के रूप में किया जायेगा।

## प्रयागराज में पाबंदियों और साप्ताहिक बंदी के साथ आज से खुलेंगे बाजार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। करीब एक महीने बाद कुछ पाबंदियों के साथ जिले में बाजार मंगलवार दिनांक ०१.०६.२०२१ से खुलेंगे। दुकान खोलने का समय प्रशासन द्वारा निर्धारित सुबह सात से शाम सात बजे के बीच होगा। शर्तो के साथ आवागमन की सुविधा समेत कई अन्य छूट भी दिए गए हैं। वहीं शनिवार और रविवार को साप्ताहिक बंदी जारी रहेगी। जिले में कोविड-१९ के संक्रिय मरीजों की संख्या ६०० से कम होने पर डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने सोमवार दिनांक ३१.०५.२०२१ को यह आदेश जारी किया दूसरी तरफ कंटेनमेंट जोन में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। रविवार को ही शासन की ओर से ५६ जिलों में कोरोना कर्फ्यू में छूट का आदेश दिया गया था। ये वे जिले थे जहां कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या ६०० से नीचे आ गई थी। प्रयागराज में सोमवार सुबह की रिपोर्ट के अनुसार मरीजों की संख्या घटकर ५५४ रह गई। इसके बाद शासन के निर्देश के क्रम में डीएम ने यहां भी कर्फ्यू में छूट का आदेश जारी कर दिया।

## नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के चलते गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

रे.स.ब्यू./सूत्र)। उत्तर रेलवे के अंबाला रेल मंडल के पीलखानी एवं सनहवाल रेलवे स्टेशनों के बीच सिरहिंद रेल्वे स्टेशन में ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक २६ जून से ३० जून, २०२१ तक ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का कार्य किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें दिनांक २७ जून, २०२१ को अमृतसर जंक्शन से चलने वाली ०८२३८ अमृतसर जंक्शन कोरबा स्पेशल हजरत निजामुद्दीन में समाप्त होगी, यह गाड़ी हजरत निजामुद्दीन एवं कोरबा के बीच रद्द रहेगी। वहीं दिनांक २५ जून, २०२१ को कोरबा से चलने वाली ०८२३८ कोरबा-अमृतसर जंक्शन स्पेशल हजरत निजामुद्दीन में समाप्त होगी, यह गाड़ी हजरत निजामुद्दीन एवं अमृतसर के बीच रद्द रहेगी। दिनांक २५ जून, २०२१ को अमृतसर जंक्शन से चलने वाली ०८२३८ अमृतसर जंक्शन कोरबा स्पेशल का सरहिंद स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं रहेगा।

## प्रयागराज की शर्मिष्ठा दत्ता को सीडीएस में मिली दूसरी रैंक

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज की शर्मिष्ठा दत्ता ने महिला वर्ग में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित सम्मिलित रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। परीक्षा का परिणाम सोमवार दिनांक दिनांक २४.०५.२०२१ घोषित किया गया था, शर्मिष्ठा को यह सफलता उनके पहले प्रयास में ही मिली है। वहीं एक महिला के तौर पर सेना में शामिल होकर देश सेवा का मौका मिलना गर्व की बात है। सीडीएस परीक्षा में प्रवीण को पहली, क्षितिज प्रकाश श्रीवास्तव को दूसरी, वैभव शर्मा को तीसरी रैंक एवं महिलाओं के वर्ग में चिन्मयी वेंकटेश को पहली, शर्मिष्ठा दत्ता ने दूसरी, अन्नू नैन ने तीसरी रैंक मिली है।

## प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस अब चलेगी हर रोज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना की दूसरी लहर की वजह से यात्रियों की संख्या पिछले माह काफी कम हो गई थी। जिसके बाद रेल प्रशासन ने हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को ही कर दिया था जबकि नई दिल्ली से यह ट्रेन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही चल रही है।

वहीं अब प्रयागराज जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस का संचालन शनिवार १२ जून से अब हर रोज होगा। दिल्ली में लॉकडाउन आदि में मिली कुछ छूट की वजह से वहां जाने व आने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया है। इसी वजह से उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने हमसफर एक्सप्रेस का संचालन १२ जून से हर रोज करने का निर्णय लिया है। एनसीआर के सीपीआरओ डा. शिवम शर्मा ने इसकी जानकारी दी

## माल लदान व राजस्व अर्जन में झाँसी मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोविड-१६ के दौरान विषम परिस्थितियों के बावजूद झाँसी मंडल निरन्तर उपलब्धियों की नई सीढियां चढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में झांसी मंडल द्वारा माह मई २०२१ में १०८३६ वैगन पर ५६६५१४ टन वजन लदान करते हुए रु.६४,३४,३६,६६६ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया, जो की पिछले वर्ष माह मई २०२० में ६८३३ वैगन ३७८१६५ टन वजन लदान करने से प्राप्त राजस्व रु. ३२,७६,१५,८१८ की तुलना में वैगनों की संख्या में ५८.६३%, वजन में ५७.७४% तथा राजस्व अर्जन में ६६.४०% अधिक रहा। मंडल के उरई, भीमसेन तथा दतिया मालगोदामों पर उच्चतम श्रेणी की आधारभूता संरचना प्रदान करने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर का मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित का नेत'त्व तथा अधीनस्थों का सराहनीय प्रयास उत्कृष्ट आंकड़ों में परलक्षित हो रहा है।

## कोरोना से जिंदगी की जंग हारे प्रयागराज के नामी डॉक्टर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण ने लोगों की जिंदगी बचाने वाले धरती के भगवान को भी नहीं बक्शा, कोरोना से प्रयागराज के कई नामी डाक्टर कोरोना से जंग हार गए। पहली लहर में तो कोरोना के नोडल अधिकारी रहे डॉ. गणेश प्रसाद, डॉ.अनुपम जायसवाल सहित तमाम विशेषज्ञ हैं, जो कोरोना को मात नहीं दे पाए, आखिर में उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस बार की दूसरी लहर में नामचीन चिकित्सकों पर कोरोना संक्रमण भारी पड़ा। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ.एके बजाज, डॉ. मिलन मुखर्जी, रेडियोल,जिस्ट डॉ. संजय पांडेय, डॉ. विष्णु गोयल, फिजीशियन रेडियोलॉजिस्ट डॉ. भरत अरोरा, डॉ. जेके मिश्रा, मेडिकल क,लेज के डॉ. पीसी मिश्रा, सर्जन डॉ. अनिल सरोज आदि की जान पर कोरोना संक्रमण भारी पड़ा।

## आरडीएसओ में हुआ विश्व पर्यावरण दिवस २०२१ का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र। आरडीएसओ में Ecosystem Restoration'विषय के तहत विश्व पर्यावरण दिवस कोविड-१६ के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक ०५.०६.२०२१ को मनाया गया। इस अवसर पर आरडीएसओ के अनुसंधान भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीरेंद्र कुमार, महानिदेशक/आरडीएसओ, रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक/आरडीएसओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उद्यान विभाग का मनोबल बढ़ाने के लिए कार्यक्रम के दौरान विभाग के कर्मचारी जग प्रसाद, हेल्पर/उद्यान द्वारा भी एक पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रवीण खोराना, कार्यकरी निदेशक/कार्य एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। वीरेंद्र कुमार, महानिदेशक द्वारा आरडीएसओ के कार्य निदेशालय द्वारा Ecosystem Restoration को बनाए रखने के लिए किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## उत्तर मध्य रेलवे में 90% फ्रंटलाइन हेल्थकेयर और आरपीएफ कर्मियों का हुआ टीकाकरण

रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में टीकाकरण कार्यक्रम प्रगति पर है। उत्तर मध्य रेलवे में टीकाकरण कार्यक्रम दिनांक २२.०१.२०२१ को शुरू किया गया था। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वी.के. त्रिपाठी, के मार्गदर्शन में और भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कोविड-१६ दिशानिर्देशों के अनुसार मुख्यालय और तीन मंडलों सहित केंद्रीय चिकित्सालय और उपमंडलीय चिकित्सालय सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

ये रेलवे टीकाकरण केंद्र रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा गैर-रेलवे सामान्य जन को भी टीका करण संबंधी सेवा दे रहे हैं। रेल के फ्रंटलाइन कोरोना योद्धाओं चिकित्सा और पैरामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों और अन्य विभागों के ट्रेनों के संचालन और आम जनता से सीधे संपर्क में आने वाले फ्रंटलाइन स्टाफ के टीकाकरण के साथ यह प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसी कड़ी में अब तक 90% से अधिक चिकित्सा और आरपीएफ कर्मचारियों को संपूर्ण टीके की दो डोज लगाई जा चुकी है, जबकि इनमें से लगभग 99% कर्मचारियों को टीके की कम से कम एक खुराक दे दी गई है।

## Cabinet approves Allotment of 5 MHz spectrum in 700 MHz band to Indian Railways

Source PIB: Giving a boost to Aatmanirbhar Bharat' mission, Government has approved allotment of 5 MHz Spectrum in 700 MHz frequency band to Indian Railways for public safety and security services at stations and in trains.With this spectrum, Indian Railways has envisaged to provide LTE (Long Term Evolution) based Mobile Train Radio Communication on its route. The estimated investment in the project is more than Rs. 25,000 Crore. The project will be completed in the next 5 years.In addition to this, Indian Railways has approved TCAS (Train Collision Avoidance System), an indigenously developed ATP (Automatic Train Protection) System, which will help in avoiding train collisions thereby reducing accidents and ensuring passenger safety.It brings a strategic shift in Railways' operations and maintenance regime. It will help in improving the safety and increasing the line capacity to accommodate more trains using the existing infrastruc-ture. The modern rail network will result in reduced trans-portation cost and higher efficiency. Also, it will attract multinational industries to set up manufacturing units to fulfill the 'Make in India' mission and generate employment.The purpose of the LTE for Indian Railways is to provide secure and reliable voice, video and data communication services for operational, safety and security applications. It will be used for modern signalling and train protection systems and ensure seamless communi-cation between loco pilots and guards.

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तर मध्य रेलवे में कार्यक्रम आयोजित




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसी क्रम में संपूर्ण उत्तर मध्य रेलवे में वर्तमान वर्ष की थीम प्रकृति के साथ सम्यगक संबंध कायम रखते हुए पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली को आत्मसात करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस उपलक्ष्य में रंजन यादव, अपर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक ०५.०६.२०२१ को विश्व पर्यावरण दिवस पर महाप्रबंधक का संदेश भी कर्मचारियों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित किया गया।

बतादें कि वर्ष २०२०-२१ के दौरान कुल ११,४२,५५५ पौध ाारोपण किया गया। इस अवसर पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पौधारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

# विद्युतीकरण की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे के बढ़ते कदम


रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। भारतीय रेल अपने पूरे नेटवर्क के १००% विद्युतीकरण के लक्ष्य से तीव्र गति से कार्य कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे जो भारतीय रेल के महत्वपूर्ण घटक के रूप में राष्ट्र के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को उत्तरी भाग तक महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करती है, अपने खंडों के विद्युतीकरण के लिए तीव्र गति से प्रयासरत है। ज्ञात हो कि, उत्तर मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण ट्रंक मार्ग पहले से ही विद्युतीकृत हैं, और इन के अलावा, शाखा लाइनों पर शेष खंडों को भी तीव्र गति से विद्युतीकृत किया जा रहा है। १००% विद्युतीकरण के इस लक्ष्य को हासिल करने के क्रम में, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अतिव्यस्त पं. दीनदयाल उपाध्याय जं- गाजियाबाद खंड से जुड़े २७ किलोमीटर लंबे उंचडीह से मेजा थर्मल पावर प्लांट मार्ग को विद्युतीकृत कर दिया गया है। इस क्रम में दिनांक ०७.०६.२०२१को इलेक्ट्रिक पावर के साथ मेजा ऊर्जा निगम पावर लिमिटेड साइडिंग में लोड का प्लेसमेंट किया गया। यह रेक इलेक्ट्रिक पावर नंबर 60003 SRE WAG 12 द्वारा उंचडीह से पावर प्लांट की साइडिंग में प्लेस किया गया। गाड़ी वायाडक्ट होते हुए एनटीपीसी पहुंची तथा खाली होने के बाद डाउन लूप लाइन में रिसीव की गई। इस कार्य से परिचालन क्षमता बढ़ेगी, लाइन क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की औसत गति में सुधार होगा। रेल मार्गो के विद्युतीकरण से आयातित पेट्रोलियम ईधन के उपयोग में कमी आएगी और इनसे ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी भी आएगी।

# भारतीय रेल दुनिया में "सबसे बड़ी हरित रेल" बनने की राह पर

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल दुनिया में सबसे बड़ी हरित रेलवे बनने के लिए मिशन के रूप में काम कर रही है और वर्ष २०३० से पहले "शून्य कार्बन उत्सर्जक" बनने की दिशा में बढ़ रही है। रेलवे नए भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करन के क्रम में पर्यावरण अनुकूल, दक्ष, किफायती, समयनिष्ठ और यात्रियों के साथ-साथ माल की आधुनिक वाहक बनने की राह पर चल रही है। भारतीय रेल व्यापक विद्युतीकरण, जल और कागज संरक्षण, रेलवे की पटरियों पर जानवरों को घायल होने से बचाने से जुड़े कदमों से पर्यावरण के प्रति मददगार हो रही है। २०१४ के बाद से रेल विद्युतीकरण लगभग १० गुना बढ़ गया है, जो पर्यावरण अनुकूल है और इससे प्रदूषण बढ़ता है। आईआर के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स को दीर्घ कालिक कम कार्बन रोडमैप के साथ एक कम कार्बन हरित परिवहन नेटवर्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो उसे ज्यादा ऊर्जा दक्ष और कार्बन अनुकूल तकनीकों, प्रक्रियाओं व अभ्यासों को अपनाने में सक्षम बनाते हैं। अप्रैल, २०२१ से मई, २०२१ के दौरान, भारतीय रेल ने ७३ लाख टन खाद्यान्न की आपूर्ति कि और २४१ लदी हुई अ,क्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में १५,०४६ टन अ,क्सीजन से भरे ६२२ टैंकरों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया।

# उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य दावा अधिकारी बने शैलेंद्र कपिल

रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के पहले मुख्य दावा अधिकारी (सीसीओ) के रूप में शैलेंद्र कपिल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। शैलेंद्र कपिल भारतीय रेल यातायात सेवा के १९८७ बैच के अधिकारी हैं,इसके पूर्व कपिल प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर के पद पर कार्यरत थे। कपिल भारतीय रेलवे के तेजतर्रार अधिकारियों में से एक हैं जिनको रेलवे मे सतर्कता सहित परिचालन, संरक्षा और वाणिज्य विभागों और सामान्य प्रशासन में काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने कोयला क्षेत्र में स्थित बरकाकाना में एडीआरएम धनबाद डिवीजन के रूप में काम किया। बतादें कि इससे पहले उत्तर मध्य रेलवे में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, मुख्य माल यातायात प्रबंधक, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, मुख्य यातायात योजना प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पीएम एवं मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/ मालाभाड़ा विपणन आदि पदों पर कार्य किया है। साहित्य में उनकी विशेष रुचि है। एस. कपिल ने कहा कि कि उनकी प्राथमिकता दावों के मामलों का शीघ्र निपटान और प्रयागराज में नव स्थापित रेल दावा अधिकरण को सर्वोत्तम संभव सहयोग प्रदान करना होगा।



# सात जुलाई से होगा प्राचार्य पद के लिए इंटरव्यू

रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। प्राचार्य पद पर भर्ती की प्रक्रिया प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों में विज्ञापन संख्या ४६ के तहत जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। कोविड के संक्रमण के कारण बीच में स्थगित किए गए इंटरव्यू सात जुलाई से फिर शुरु होने जा रहे हैं। यूपीएचईएससी की बैठक में हुए निर्णय के बाद आयोग ने मंगलवार दिनांक १५.०६.२०२१ को इंटरव्यू का कार्यक्रम जारी कर दिया।

# ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने देश भर में पूरी की ऑक्सीजन की आपूर्ति



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल देश भर में विभिन्न राज्यों को तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की आपूर्ति के द्वारा राहत पहुंचाने के अपने सफर को जारी रखे हुए है। वहीं ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों ने राष्ट्र की सेवा में २८,००० एमटी एलएमओ की आपूर्ति का आंकड़ा पार कर लिया है। अभी तक, रेलवे ने देश के विभिन्न राज्यों को १६४८ से ज्यादा टैंकरों में लगभग २८४७३ एमटी एलएमओ की आपूर्ति की है। इस क्रम में, दिनांक १०.०६.२०२१ को समाचार लिखे जाने तक ४०१ ऑक्सीजन एक्सप्रेस अपना सफर पूरा कर चुकी हैं और विभिन्न राज्यों में राहत पहुंचा चुकी हैं। ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को क्रमशः ४३००, ३४०० और ३२०० एमटी से ज्यादा एलएमओ की आपूर्ति हो चुकी है। गौर करने वाली बात है कि ४७ दिन पहले २४ अप्रैल को महाराष्ट्र को १२६ एमटी की आपूर्ति के साथ ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत हुई थी।

ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें १५ राज्यों उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, केरल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड और असम को ऑक्सीजन पहुंचा चुकी हैं।

# कोविड में माता पिता को खो चुके बच्चों को मुफ्त शिक्षा देगा इविवि

रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। कोरोना महामारी ने देश के जन जीवन पर गहरा असर डाला है। कई बच्चों ने इस महामारी में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है। ऐसे में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने आपदा के इस भयावह दौर में ऐसे बच्चों की ओर मदद का हाथ बड़ाते हुए प्रयागराज जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा है जिसमें कुलपति ने कहा कि कोरोना के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता पिता दोनों को खो दिया है। उनकी इलाहाबाद विश्वविद्यालय उनकी आगे की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था करेगा। जो बच्चे बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी कर ली है उनकी आगे की पढ़ाई का पूरा भार विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। ऐसे बच्चों को अनिवार्य रूप से अपने दिवंगत माता पिता की मृत्यु का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

# कोरोना की तीसरी लहर की तैयारियों में जुटा बीएचयू

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर बीएचयू अस्पताल में तैयारियां जोर शोर से चल रही है। आईएमएस निदेशक प्रो. बीआर मित्तल की मौजूदगी में बृहस्पतिवार दिनांक १०.०६.२०२१ को हुई समीक्षा बैठक में कोरोना के साथ ही ब्लैक फंगस के मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं के साथ ही तीसरी लहर के मद्देनजर बच्चों के इलाज संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

हालांकि, आईएमएस निदेशक ने कहा कि तीसरी लहर आई तो बच्चों को कोई परेशानी नहीं होगी। बीएचयू में तीसरी लहर को देखते हुए बाल रोग विभाग, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बच्चों के लिए पीआईसीयू, एनआईसीयू भी बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

# माल भाड़ा ग्राहकों के लिए शुरू हुई ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

साभारः उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माल भाड़ा ग्राहकों की राहत के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दिनांक ११.०६.२०२१ से प्रारंभ कर दी है।

झांसी मंडल के डबरा स्टेशन से उत्तर मध्य रेलवे के एक माल शेड द्वारा पहला ऑनलाइन माल भाड़ा भुगतान आर.आर. जनरेट किया गया है। अभी तक माल भाड़ा ग्राहकों को ई-भुगतान की सुविधा दी जाती थी लेकिन अब ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्राहक अब डेबिट कार्ड/क्रेडिट काड/नेट बैंकिंग/यूपीआई का उपयोग करके कहीं से भी भुगतान कर सकते हैं।

यह कदम न केवल डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करेगा बल्कि ग्राहकों की सुविधा में भी वृद्धि करेगा। ऑनलाइन भुगतान मोड का उपयोग करते हुए पहली रेलवे रसीद झांसी डिवीजन, एनसीआर के डबरा स्टेशन से कपूरथला तक गेहूं के रेक को लोड करने के लिए तैयार की गई।

ऑनलाइन भुगतान के संबंध में जानकारी www-indianrailway.gov.in पर प्राप्त की जा सकती हैं।

## गरीबों की सेवा सबसे बड़ी सेवा- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कोरोना की तीसरी लहर के प्रति सचेत रहने के साथ सभी जिलों को आत्मनिर्भर होने के लिए कहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज की ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बड़े सभी अस्पतालों में जहां ५० बेड या इससे अधिक हो अपना ऑक्सीजन प्लांट तैयार रखने की जरूरत बताई। केंद्रीय मंत्री बुधवार दिनांक १६.०६.२०२१ को नैनी स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी में प्रभाव्य इंस्टीट्यूट में ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इनके साथ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह परिसर में मौजूद रहे और ऑक्सीजन प्लांट की नींव रखी। इस अवसर पर विधायक संजय गुप्ता, विधायक बारा अजय कुमार, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने ३०००० मीट्रिक टन ऑक्सीजन आपूर्ति का बनाया कीर्तिमान

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल सभी बाधाओं को पार करते हुए तथा नए समाधान निकाल कर देश के विभिन्न राज्यों में तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाना जारी रखे हुए है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने देश की सेवा में ३०००० मीट्रिक टन तरल मेडिकल ऑक्सीजन पहुंचा कर मील का पत्थर पार किया है। अभी तक देश के विभिन्न राज्यों में १७३४ से अधिक टैंकरों में ३०१८२ मीट्रिक टन से अधिक तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाई गई है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने देश के दक्षिणी राज्यों में १५००० एमटी से ज्यादा तरल मेडिकल ऑक्सीजन की डिलीवरी की है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस द्वारा देश के दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु को क्रमशः ३६००, ३७०० और ४६०० एमटी से अधिक एलएमओ पहुंचाई गई है। भारतीय रेलवे का यह प्रयास रहा है कि ऑक्सीजन का अनुरोध करने वाले राज्यों को कम से कम संभव समय में अधिक से अधिक संभव ऑक्सीजन पहुंचाई जा सके। ऑक्सीजन एक्सप्रेस द्वारा १५ राज्यों- उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, केरल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड और असम को ऑक्सीजन सहायता पहुंचाई गई है।

## संजय कुमार खत्री ने जिलाधिकारी प्रयागराज का संभाला कार्यभार



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। नवनियुक्त जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने शनिवार दिनांक ०५.०६.२०२१ को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। २०१० बैच के आईएएस संजय कुमार खत्री गाजीपुर एवं रायबरेली में भी जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके है। वर्तमान समय में वे जल निगम में संयुक्त प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी विवेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) अशोक कुमार कनौजिया, अपर जिलाधिकारी (वित्त) एम०के० सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शुरू हुआ गंगा गोमती ट्रेन का संचालन

रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज। रेल यात्रियों की सुविधा को लखनऊ जाने वाली सबसे लोकप्रिय ट्रेन गंगा गोमती का संचालन फिर से शुरू हो गया है। बतादें कि कोरोना की दूसरी लहर में कई ट्रेनों का संचालन ठप हो गया था। पहले दिन मंगलवार दिनांक १५.०६.२०२१को ८२ यात्रियों को लेकर ट्रेन प्रयागराज संगम से रवाना हुई। यह ट्रेन प्रयागराज संगम से सुबह ५.४० बजे रवाना होती है और लखनऊ से शाम को करीब पौने छह बजे चलती है। ऐसे में प्रयागराज या लखनऊ किसी काम से आने-जाने वालों के लिए यह ट्रेन सबसे मुफीद है। ऐसे में इसका दोबारा संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को राहत मिली है।


## मण्डलायुक्त ने दिये निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में कर करेत्तर तथा राजस्व, विकास प्राथमिकता के कार्यो की प्रगति के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बुधवार दिनांक १६.०६.२०२१ को आयोजित इस बैठक में पीडब्लूडी के कार्यो की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने नई सड़कों के निर्माण कार्य का कार्य निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने टीकाकरण एवं सहभागिता योजना में भी तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मण्डल में अनुपस्थित चल रहे चिकित्सकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार, जिलाधिकारी फतेहपुर अर्पूवा दूबे सहित सम्बंधित जनपदों के मुख्य विकास अधिकारीगण एवं संयुक्त विकास आयुक्त के अलावा सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी प्रयागराज ने किया वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण

साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री मेडिकल कालेज पहुंचकर वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण करते हुए वैक्सीनेशन कार्यवाही का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन के लिए लोगो के अंदर जनजागरूकता को और प्रभावी ढंग से करायें जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ४५ वर्ष के ऊपर वाले जिन लोगो ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनका वैक्सीनेशन सेंटर पर ही ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन करते हुए मौके पर ही उनका वैक्सीनेशन कराया जाये। मेडिकल कालेज में बने हुए महिला वैक्सीनेशन सेंटर का भी निरीक्षण करते हुए महिलाओं को भी वैक्सीनेशन हेतु अधिक से अधिक जागरूक कराये जाने के लिए कहा। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ० एस०पी० सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० प्रभाकर राय सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।



## आरडीएसओ बना बीआईएस का पहला एसडीओ संस्थान

साभारः एक राष्ट्र एक मानक अभियान के तहत भारतीय रेल के संस्थान, रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड आर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) का पहला एसडीओ संस्थान घोषित किया गया। देश के अन्य सभी प्रमुख अनुसंधान एवं मानक विकास संस्थानों के लिए भारत सरकार के दो संस्थानों की यह कोशिश प्रेरणा का काम करेगी और विश्व स्तरीय मानकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। एक राष्ट्र एक मानक की परिकल्पना के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीआईएस ने इस योजना की शुरुआत की है इस योजना के जरिये देश का लक्ष्य अपने विशिष्ट क्षेत्रों में मानकों के विकास के काम में लगे देश के विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध मौजूदा संसाधन क्षमताओं और विश्व में मिलने वाली सभी विशेषताओं को एक छत के नीचे लाना है, और इस तरह से देश में जारी सभी मानक विकास गतिविधियों को बदल कर एक विषय पर एक राष्ट्रीय मानक तैयार करना है।

इसके लिए रेल मंत्रालय का लखनऊ स्थित एकमात्र अनुसंधान एवं विकास संगठन सक्रिय है। यह भारतीय रेल के लिए मानक तय करने का काम करता है और देश के प्रमुख मानक तय करने वाले संस्थानों में से एक है। यह रेलवे के लिए परिवहन क्षेत्र के उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं के लिए मानक विकसित करेगा। इसकी मान्यता ३ साल के लिए होगी और इसके बाद इसके नवीनीकरण की आवश्यकता होगी।

## जून में उपलब्ध होगी टीकों की १२ करोड़ खुराकः स्वास्थ्य मंत्रालय

रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। कोरोना वैक्सीन की भारी कमी के बीच महामारी से जारी लड़ाई को जीतने के लिए जल्द से जल्द सभी नागरिकों का टीकाकरण जरूरी है। वहीं देश में कोरोना वैक्सीन की काफी कमी है। जिसके वजह से टीके कई राज्यों में टीकाकरण कार्य या तो धीमा हो चला है या फिर कुछ दिन के लिए रोक दिया गया। वहीं, कई जगहों पर १८ साल से अधिक उम्र के लोगों को दी जाने वाली कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा बीच में ही रोकनी पड़ी। केंद्र सरकार ने अब टीकों की भारी कमी की समस्या को खत्म करने के लिए अहम फैसला लिया है। इसके तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई है कि देश में जून माह में वैक्सीनेशन अभियान को गति देने के लिए कोरोना टीकों की करीब १२ करोड़ खुराक उपलब्ध होगी।

## झांसी मण्डल ने लगाया ऑक्सिजन एक्सप्रेस के संचालन में अर्द्धशतक

रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। कोविड के खिलाफ लड़ाई में, भारतीय रेलवे ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाकर तथा आवश्यकतानुसार गंतव्य पर पहुंचाकर जीवन रक्षक के रूप में अहम् भूमिका निभा रहा है और अब तक देश भर के १५ राज्य, महाराष्ट्र में ६१४ मीट्रिक टन ऑक्सीजन, उत्तर प्रदेश में लगभग ३७३१ मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश में ६५६ मीट्रिक टन, दिल्ली में ५१८५ मीट्रिक टन, हरियाणा में १६६७ मीट्रिक टन, राजस्थान में ९८ मीट्रिक टन, कर्नाटक में १७७३ मीट्रिक टन, उत्तराखंड में ३२० मीट्रिक टन, तमिलनाडु में १५५४ मीट्रिक टन, आंध्र प्रदेश में १२६८ मीट्रिक टन, पंजाब में २२५ मीट्रिक टन, केरल में ३८० मीट्रिक टन, तेलंगाना में १४३२ मीट्रिक टन, झारखंड में ३८ मीट्रिक टन और असम में १६० मीट्रिक टन ऑक्सीजन सहित कुल १६४०८ मीट्रिक टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन पहुंचाई जा चुकी है। उक्त कार्य में झाँसी मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक शशिकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में देश एवं समाज के स्वास्थ्य हित में दिनांक २६.०५.२०२१ को ५०वीं ऑक्सीजन स्पेशल का शून्य विलंबन में सफलतापूर्वक संचालन कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

## पटरी पर सुपर फास्ट ट्रेन से भी तेज गति से दौड़ रही है मालगाड़ी

रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। मालगाड़ी ट्रेन डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर पर सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की औसत गति को भी पीछे छोड़ने लगी है। ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट क,रिडोर के बीच तैयार ३३१ किलोमीटर के ट्रैक न्यू खुर्जा-न्यू भाऊपुर ट्रैक पर दिनांक २६.०५.२०२१ को मालगाड़ी दौड़ाई गई जो रिकॉर्ड६६.३० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। उसने राजधानी ट्रेन की गति को भी पीछे छोड़ दिया। जिस रफ्तार से मालगाड़ी चली वह सबसे तेज मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना काफी अधिक थी। शनिवार तक ३०५ ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन चलाकर २० हजार मीट्रिक टन ऑक्सीजन पहुंचाने का रिकॉर्ड भी दर्ज किया गया।

## अब घने कोहरे में भी नहीं थमेगी ट्रेनों की रफ्तार

रे.स.ब्यूरो./ नई दिल्ली। भारतीय रेल डिजिटल रोड मैप पर ट्रेनों को चलाने की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद अब घने कोहरे में भी ट्रेनों की चाल नहीं थमेगी और ट्रेनों की लेटलतीफी भी खत्म हो जाएगी। बेहतर तकनीक का उपयोग कर ट्रेनों को संचालित करने की राह रेलवे को ७०० मेगाहट्ज बैंड में ५जी मेगाहट्स स्पेक्ट्रम की मंजूरी मिल जाने के बाद आसान हो गई है। रेलवे की योजना के अनुसार २०२४ तक दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-कोलकाता रूट पर २०० किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेनों को चलाने की तकनीक विकसित कर ली जाएगी। दोनों रूटों में सुधार का काम भी शुरू कर दिया गया है। रेलवे के मुताबिक इस आधुनिक तकनीक के जरिए दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकेगा। परियोजना में रेलवे ५६,६५५ करोड़ रुपया खर्च करेगा। लोको पायलट की सहायता के रूप में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। यह सिस्टम लोको पायलट की तरफ से किसी मानवीय भूल के कारण ट्रेनों के टक्कर को रोकता है।

## छह माह तक सरकारी कर्मचारी नहीं कर सकेंगे हड़ताल

रे.स.ब्यूरो./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने तत्काल प्रभाव से राज्य की सरकारी सेवाओं में छह महीने तक हड़ताल पर रोक लगा दी है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव कार्मिक मुकुल सिंघल ने अधिसूचना जारी कर दी है। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि राज्य के कार्यकलापों से संबंधित लोकसेवा, सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन किसी निगम के अधीन किसी सेवा तथा किसी स्थानीय प्राधिकरण के अधीन सेवा में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई जाती है। वहीं सीएम योगी ने कहा कि यूपी में तीसरी लहर की वेब को रोकने के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## कोरोना काल में इंसानियत की मिसाल पेश करते डा. परवेज अहमद



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। कोरोना काल की इस महामारी में केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे के डा. परवेज अहमद ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। उन्होने अपने पिता के गंभीर हालत के बावजूद ओपीडी संचालित कर मरीजों को राहत पहुंचाई और दर्जनों लोगों की जान भी बचाई, वहीं उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा. शिवम शर्मा ने बताया कि डा. परवेज अहमद की सेवा सराहनीय रही।



# उप मुख्यमंत्री ने किया रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयाग स्टेशन के निकट बक्शी बांध में इलाहाबाद फाफामऊ रेलखण्ड के सम्पार संख्या ७८ए पर २ लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं समयावधि पर विशेष ध्यान देने को कहां है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यो को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ब्रिज सेतु कार्पोरेशन के अभियंता ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि सेतु निर्माण का कार्य तय समय से अधिक गति के साथ चल रहा है, कार्य को समय से पूर्ण कर लिया जायेगा।

# मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय झांसी में पेंशन अदालत का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. झांसी।मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, झांसी में वर्ष २०२१ की प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन दिनांक १५.०६.२०२१ को किया गया। आयोजन के दौरान कोविड-१६ के दिशा निर्देशों का पालन सघनता से किया गया। पेंशन अदालत मण्डल रेल प्रबन्धक संदीप माथुर की अध्यक्षता में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने पेंशन अदालत में निस्तारित किये गए प्रकरणों के बारे में सूक्ष्म रूप से जानाकारी दी, पेंशनरों को उचित सुझाव दिए तथा सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नैनी पुल के पास रेलवे ने खाली कराई जमीन

रे.स.ब्यूरो./संवा. रेलवे की ओर से गाजियाबाद मुगलसराय के बीच सिग्नल व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम गति पर है। इसके साथ ही ट्रैक के किनारे की जमीन को खाली कराने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

इसी कड़ी में पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि मंगलवार दिनांक १५.०६.२०२१ को रेलवे ने जिला प्रशासन की मदद से अभियान चलाकर नैनी पुल के पास बसी बस्ती को उजड़वाकर जमीन खाली कराई गई है।

# बिना प्लेटफार्म टिकट नहीं मिलेगा प्रवेश

रे.स.ब्यूरो./सूत्र। उत्तर रेलवे के सभी स्टेशनों पर आम लोगों के लिए प्लेटफार्म टिकट की सेवा एक बार सोमवार दिनांक १४.०६.२०२१ से फिर शुरू कर दी गई है। जिसके बाद यात्रियों को छोड़ कर स्टेशन पर जाने वाले लोगों को टिकट लेने के बाद ही प्रवेश मिलेगा। वहीं टिकट की कीमत भी ५० से घटाकर ३० रुपये कर दी गई है। उत्तर रेलवे ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया था। बतादें कि कोरोना संक्रमण को देख यात्रियों की भीड़ की वजह से प्लेटफार्म टिकट के दाम १० से बढ़ाकर ५० रुपये कर दिए गए थे। सूत्रों के अनुसार उत्तर रेलवे जनसंपर्क अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि इधर यात्रियों और आम लोगों की संख्या से स्टेशनों पर दबाव बढ़ गया था। जिसे देख कर प्लेटफार्म टिकट के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

# पर्यावरण संरक्षण में पूर्वोत्तर रेलवे का सराहनीय योगदान

रे.स.ब्यूरो./सूत्र। हरित रेल की दिशा में भारतीय रेल ने सबसे बड़ी कामयाबी हासिल की है। सूत्रों के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण हित में रेल मंत्रालय ने सभी बड़ी लाइनों (ब्रॉडगेज) को विद्युतीकृत करने का निर्णय लिया। अब मिशन मोड में कार्य करते हुए भारतीय रेल दुनिया की सबसे बड़ी हरित रेल बनने की ओर अग्रसर है। पंकज कुमार सिंह ने बताया कि २०३० तक 'जीरो कार्बन उत्सर्जक' बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। भारतीय रेल के इस महत्वाकांक्षी कदम को सफल बनाने के लिए कभी छोटी लाइन के नाम से प्रसिद्ध पूर्वोत्तर रेलवे का २०१४-१५ के पूर्व मात्र २४ किमी रेल खंड ही विद्युतीकृत हो पाया था। वहीं वर्तमान में २२८७ किमी रेल खंड को विद्युतीकृत कर लिया गया है। पंकज ने बताया कि विगत दो वित्तीय वर्षों, २०१६-२० एवं २०२०-२१, में पूर्वोत्तर रेलवे विद्युतीकरण कार्य में संपूर्ण भारतीय रेल पर द्वितीय स्थान पर रही।

# उत्तर मध्य रेलवे मे त्रिदिवसीय कोरोना जांच शिविर हुआ संपन्न

साभारः उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल के सभी रनिंग कर्मी स्वस्थ रहते हुये संरक्षित संचालन करें इस आशय से प्रयागराज लाबी में विविध भांति से नवाचार पद्धति अपनायी जाती है। फ्रंटलाईन कर्मचारियों को कोरोना वैक्सिनेशन में भी प्रथम वरियता दी गयी है। कर्मचारीगण स्वस्थ रहे इस आशय से दिनांक ०५,०६,०७ जून को मोबाईल मेडिकल यूनिट के समन्वय से लॉबी प्रयागराज पर ही कोरोना जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एण्टीजन एवं आरटीपीसीआर जांच कराई गई, इस शिविर में रनिंग कर्मचारियों ने आन ड्यूटी और आफ ड्यूटी करते समय जांच कराई। आयोजन के प्रारम्भ में वरिष्ठ मण्डल बिजली इण्जीनियर (परिचालन) राहुल त्रिपाठी ने कोरोना जांच कराई।लाबी एवं स्टेशन परिसर को संक्रमण मुक्त रखने हेतु स्टेशन के अन्य विभाग के कर्मचारियों ने भी शिविर का लाभ लिया, जिसमें स्टेशन निदेशक वी. के. त्रिपाठी भी शामिल रहे। लाबी पर आयोजित इस शिविर में लोकोपायलट, गार्ड, संविदा कर्मचारी सभी ने बढ-चढ के हिस्सा लिया। शिविर में मण्डल बिजली इंजीनियर (परिचालन) एस. पी. पाण्डेय, वरिष्ठ क्रू नियंत्रक (परि.) वासुदेव पाण्डेय, लोकोपायलट विजय कुमार गर्ग, आर. के. सिंह, के.के.श्रीवास्तव, आर. एन.त्रिपाठी, ए.के.सिंह प्रमुख रहे।

# शियात्स और इन्डियन ऑयल ने विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में लिया भाग



साभारः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के सम्बोधन का लाइव प्रसारण शियात्स कृषि विश्वविद्यालय में दिनांक ०५.०६.२०२१ को हुआ, जिसमे उनके द्वारा किसानो को ओर्गनीक खेती के बढ़ावे एवं गन्ना द्वारा एथानॉल उत्पादन पर चर्चा की गयी। साथ ही सौर ऊर्जा पर भारत के योगदान एवं मिशन की सराहना की गयी। यह कार्यक्रम पैट्रोलियम मंत्रालय एवं पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे और विश्वविद्यालय की ओर से डॉ.,टीफन दास, डॉ. विश्वरूप मेहरा उपस्थित रहे। अतिथि के तौर पर रवि प्रसाद, उपमहाप्रबंधक इंडियन ऑयल तथा मयंक वर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज मण्डल ने बिना मास्क पहने लोगों से वसूला जुर्माना

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज।कोविड महामारी के विरुद्ध लड़ाई में रेल प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। रेलयात्रियों के साथ साथ स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों, वेण्डरों, कुलियों आदि को कोविड महामारी से बचाव हेतु जागरुक करने के दृष्टिगत रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग, प्रयागराज मण्डल द्वारा इस वैश्विक महामारी में बिना मास्क पहने स्टेशन परिसर में आने वालों के विरुद्ध नियमित चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशनों पर बिना मास्क पहने लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये प्रयागराज मण्डल में मई २०२१ में ४६३ लोगों से जुर्माना वसूला तथा कुल रू. ८४०००/- की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। इसी क्रम में प्रयागराज ज. पर भी मई माह में २२७ लोगो से बिना मास्क स्टेशन परिसर में आने पर जुर्माना वसूला गया।

प्रयागराज मण्डल में यात्रियों को कोरोना महामारी के दृष्टिगत मास्क पहनने, तथा सोशल डिस्टनसिंग का पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे एनाउंसमेंट, पोस्टरों, डिजिटल म्यूजियम में आडियो तथा वीडियो माध्यमों से निरंतर जागरूक किया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल अपने सम्मानित रेल यात्रियों से निवेदन करता है कि यात्रा के दौरान मास्क सही तरीके से पहने तथा दो गज दूरी का पालन करें।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।


प्रधान सम्पादकः ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# राज्य कर्मचारियों के लिए सभी जिलों में बनेंगे अलग बूथ : सीएम योगी



रे.स.ब्यू.। टीकाकरण की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर्मचारियों के लिए सभी जिलों में अलग से बूथ बनाए जाएंगे। यह व्यवस्था जिला मुख्यालय के अलावा तहसील और ब्ल क स्तर पर भी की जाएगी। वहीं १ जून से १८ से ४५ साल वालों के लिए सभी जिलों में टीकाकरण शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर्मचारियों की तरह ही अध्यापकों के टीकाकरण कार्य को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाए जिसके जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों को केन्द्र बिन्दु बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। सभी ७५ जनपदों में इस आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण शुरू किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर तैयारी करने का वैक्सीन की सुचारू उपलब्धता बनाए रखी जाए।

# रेलवे हिंदी सलाहकार समिति की ६०वीं बैठक का आयोजन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के संबंध में रेल और वाणिज्य एवं उद्योग व उपभोक्ता कार्य और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में रेलवे हिंदी सलाहकार समिति की ६०वीं बैठक का दिनांक २५ मई २०२१ को वर्चुअल रूप में आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य, संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति की संयोजक एवं संसद सदस्य प्रो रीता बहुगुणा जोशी, सांसदगण हरीश दविवेदी, वीणा देवी, नारायण लाल पंचारिया, अखिलेश प्रसाद सिंह, मनोज तिवारी, रेलवे हिंदी सलाहकार समिति में मनोनीत अन्य सदस्यगण गृह मंत्रालय के सचिव डॉ. सुमीत जैरथ, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा तथा केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद् के मनोनीत सदस्यों ने भाग लिया। इनके अलावा, इस बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बोर्ड कार्यालय के अन्य सदस्यगण आदि सहित विभिन्न क्षेत्रीय रेलो/ उत्पादन कारखानों के मुख्य राजभाषा अधिकारियों तथा उपक्रमों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आदि ने भाग लिया। बैठक में रेल मंत्रालय के साथ-साथ विभिन्न रेल कार्यालयों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे बेहतरीन एवं उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की गई। इसके साथ-साथ उन्होंने राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए।

# ऑक्सीजन एक्सप्रेस का कुशल संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता: मंडल रेल प्रबंधक झांसी



रे.स.ब्यू./सूत्र.कोविड के खिलाफ लड़ाई में, भारतीय रेलवे ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाकर तथा आवश्यकतानुसार गंतव्य पर पहुंचाकर अपना अहम् योगदान प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में झाँसी मंडल ने ४० से अधिक ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन पूरा कर लिया है तथा इस राष्ट्रीय कार्य में योगदान निरंतर जारी है। मण्डल रेल प्रबन्धक संदीप माथुर के मार्गदर्शन में ऑक्सीजन एक्सप्रेस के मूवमेंट पर सीधी नजर रखी जा रही है, ताकि ग्रीन कॉरिडोर से संचालन इस जीवन रक्षक एक्सप्रेस का निर्बाध रूप से मूवमेंट हो सके। जो की राउरकेला से आती हैं और उन्हें गंतव्यों के आधार पर फरीदाबाद या पलवल में उत्तर रेलवे को सौंप देता है। वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत रेल प्रशासन द्वारा रेलवे बोर्ड के एक अहम् कदम उठाते हुए, रेलकर्मियों की स्वास्थ्य रक्षा के उद्देश्य से मंडल चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट के संस्थापन की तैयारी कर ली गयी है, शीघ्र ही मंडल चिकित्सालय का खुद का ऑक्सीजन प्लांट होगा, जो की मंडल चिकित्सालय को वातावरण से एकत्रित कर ऑक्सीजन सप्लाई कर सकेगा।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
कैम्प कार्यालय: ८४३६, आर्य नगर, पहाड़गंज दिल्ली - ५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५११०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना

## वर्ष 2021

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी भारतीयों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसमें निम्नानुसार राशि एवं प्रशस्ति–पत्र दिए जाने का प्रावधान है:–

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (एक) | 10,000/- रू |
| द्वितीय पुरस्कार (एक) | 8,000/- रू |
| तृतीय पुरस्कार (एक) | 6,000/- रू |
| प्रेरणा पुरस्कार (पांच) | 4,000/- रू प्रत्येक |



रेल यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा में होना चाहिए और कम से कम 3000 शब्दों का होना चाहिए। रेल यात्रा वृत्तांत डबल स्पेस में टाइप किया हुआ होना चाहिए, जिसके चारों तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया छूटा हुआ होना चाहिए। पृष्ठ क्रमानुसार अंकित होने चाहिए। शब्दों की संख्या लिखी होनी चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में कागज की एक पूरी शीट लगाई जाए जिस पर बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम आयु, कार्यालय/निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नं, ई–मेल, वृत्तांत के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। रेल यात्रा वृत्तांत मौलिक हो तथा केन्द्र या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन पुरस्कृत न हो, इस आशय का प्रमाण–पत्र भी दिया जाए।

प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि 30-06-2021 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 536–डी, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001 को भिजवा सकते हैं।

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

693/21(R) North Central Railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRO NCR